नवाचार के बारे में जानकारी भेजने के लिए प्रारंभिक प्रपत्र

नवाचार के लिए नामित व्यक्ति का विवरण:

1. ब्लाक शिक्षा अधिकारी / जिला शिक्षा अधिकारी का नाम:
2. आयु:
3. वर्तमान पद पर काम करने की अवधि (वर्ष में):
4. संपर्क हेतु जानकारी :
   डाक पता :
   फोन नंबर :
   फैक्स नंबर :
   ई - मेल :

नवाचार के बारे में विवरण :

5. नवाचार का क्षेत्र :
6. कार्य व्यवहार में नवाचार की अवधि :
7. परिणामों और ठहराव सहित नवाचार की मुख्य विशेषताओं के साथ नवाचार के बारे में विवरण (लगभग 300 शब्दों में)|

राज्य द्वारा नामांकन हेतु नवाचार व्यव्हार से संबंधित विवरण प्रपत्र (जिला शिक्षा अधिकारी/ ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा भरा जाये), http://www.cips.org.in या www.nuepa.org से डाउनलोड किया जा सकता है और दिए गए ईमेल पते पर भेजा जा सकता है|

महत्वपूर्ण तिथियाँ

निर्धारित प्रपत्र में राज्य सरकार/संघ क्षेत्र द्वारा अनुमोदित नामांकन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 31 जनवरी 2014

राष्ट्रीय सम्मेलन और पुरस्कार वितरण: मार्च 2014

नामांकन निम्नलिखित पते पर भेजें :

निदेशक
सेंटर फॉर इन्नोवेशन्स इन पब्लिक सिस्टम (CIPS)
भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज पार्क कैम्पस
रोड नंबर 3, बंजारा हिल्स, हैदराबाद - 500 034, भारत
फोन: +91 40 66720720 +91 40 66720720

नामांकन निम्नलिखित ई-मेल पर भी भेजा जा सकता है :
director-cips@nic.in
parkavi@cips.org.in
innovationscheme@nuepa.org

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा)

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) ,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान, और परामर्श सेवाओं हेतु कार्यरत एक प्रमुख संस्थान है | अपनी विविध गतिविधियों के अलावा, विश्वविद्यालय एक व्यापक अंतरशास्त्रीय सामाजविज्ञान के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा नीति, नियोजन, वित्त और प्रशासन में एम. फिल , पी-एच.डी., और पोस्ट डॉक्टरेट कार्यक्रम आयोजित करता है | न्यूपा, शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा भी प्रदान करता है |

सेंटर फॉर इन्नोवेशन्स इन पब्लिक सिस्टम (सी.आई.पी.एस)

भारत सरकार ने एक स्वायत्त निकाय के रूप में 2010 में सेंटर फॉर इन्नोवेशन्स इन पब्लिक सिस्टम की स्थापना की थी | सी.आई.पी.एस के कार्य क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, ई- अभिशासन और शहरी अभिशासन सम्मिलित हैं | कार्यव्यव्हार में स्थाई रूप से रचनात्मक विचारों के रूपांतरण हेतु एक अभिनव संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सी.आई.पी.एस राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों, प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों, भारत सरकार के संगठनों और गैर लाभकारी संगठनों के साथ मजबूत अनुबंधन स्थापित करता है| सी .आई.पी.एस के पास देश भर में हो रही अभिनव कार्यव्यव्हारों का प्रलेखन, प्रसार और प्रतिकृति तैयार करने का अधिदेश है |

शैक्षिक प्रशासन में

नवाचार

की राष्ट्रीय योजना

नामांकन के लिए आमंत्रण

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा)
17- बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली -110016
वेबसाइट: http / / www.nuepa.org

सेंटर फॉर इन्नोवेशन्स इन पब्लिक सिस्टम (सी.आई.पी.एस)
रोड नं .3, बंजारा हिल्स, हैदराबाद -500 034

शैक्षिक प्रशासन में नवाचार की राष्ट्रीय योजना

नवाचार का प्रसंग

क्षेत्र स्तर पर शैक्षिक नीति का प्रभावी कार्यान्वयन एवं शैक्षिक विकास के कार्यक्रमों और योजनाओं के कुशल प्रबंधन में शैक्षणिक प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका है | इस दृष्टिकोण से हम राज्यों, क्षेत्रों, जिलों और ब्लाकों में नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन और उनके परिणामों में विभिन्नता पाते हैं | जिला और ब्लॉक स्तर के प्रशासकों में से कुछ प्रशासक दूसरों की तुलना में अधिक सफल रहते हैं | उनकी सफलता के कारणों में उनकी विशिष्ट पहल भी जुड़ी होती है | नियमों, निर्देशों और शैक्षिक प्रशासन के मानदंड की व्यापक रूपरेखा के भीतर, वे नए विचारों की मदद से नवाचारों का सर्जन करते हैं |

यद्यपि शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कई नवाचार घटित होते हैं लेकिन व्यापक प्रसार के लिए उनको पहचानने और उनके प्रलेखन के लिए कोई तंत्र शायद ही उपलब्ध है | शैक्षिक प्रशासन में जमीनी स्तर पर नवाचारों की पहचान करने के लिए कोई व्यवस्थित प्रयास नहीं किया गया है | उनमें से ज्यादातर की अनदेखी की गयी है या वे थोड़े प्रभाव कारक के साथ स्थानीय ही बने रहते हैं | राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) ने सेंटर फॉर इन्नोवेशन्स इन पब्लिक सिस्टम (सी.आई.पी.एस) के सहयोग से शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन में नवाचारों की राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन में क्षेत्र स्तर पर नवाचारों की पहचान हेतु एक प्रयास आरम्भ किया है |

योजना का मुख्य उद्देश्य

- क्षेत्र स्तर पर शैक्षिक प्रशासन में नवाचार करने वाले व्यक्तियों की पहचान करना;
- पुरस्कार की योजना के माध्यम से नवाचारों के लिए प्रशासकों को प्रोत्साहित करना, और
- राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के लिए नवाचारों का प्रलेखन |

लक्ष्य समूह

इस योजना के लक्ष्य समूह मुख्य रूप से जिला और ब्लॉक् स्तरीय शिक्षा अधिकारी हैं |

नवाचार के क्षेत्र

शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचारों के विभिन्न पहलू और आयाम हो सकते हैं | इनमें शिक्षा के अधिकार का प्रभावी क्रियान्वयन तथा इससे सम्बधित प्रावधान जैसे पहुँच और गुणवत्ता, शिक्षक प्रबंधन, विद्यार्थी शिक्षक अनुपात का इष्टतम रखरखाव, शैक्षिक समर्थन तंत्र के प्रभावी प्रबंधन और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नवाचार को बढ़ावा, समुदाय भागीदारी को बढावा, संस्थागत योजना, पर्यवेक्षण और निगरानी व्यवस्था, मिड डे मील और अन्य प्रोत्साहन योजनाओं का वितरण और प्रबंधन, समता को बढावा तथा विविधता का प्रबंधन, शैक्षिक प्रशासन में पारदर्शिता तथा जवाबदेही इत्यादी सम्मिलित हैं | प्रत्येक मामले में शैक्षिक प्रक्रिया और शिक्षण-अधिगम में नवाचारों को बढ़ावा देने में जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है |

नवाचारों के चयन की प्रक्रिया

नवाचारों की राष्ट्रीय योजना में तीन घटक हैं :

(i) नवाचार की पहचान और मूल्यांकन;

(ii) पुरस्कार के माध्यम से नवाचार की मान्यता, और

(iii) व्यापक प्रसार के लिए नवाचार का प्रलेखन |

(i) नवाचार की पहचान और मूल्यांकन : नवाचारों की पहचान राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के शैक्षिक प्रशासन से प्राप्त ब्लाक शिक्षा अधिकारियों/जिला शिक्षा अधिकारियों के नामांकन के आधार पर की जाएगी | नामांकन, विवरणिका में प्रकाशित निर्धारित प्रपत्र के अनुसार भेजे जायें |

सभी चिह्नित नवाचारों के सत्यापन और मूल्यांकन का कार्य, न्यूपा तथा सी.आई.पी.एस के प्रतिनिधियों और बाहर के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा |

(ii) राष्ट्रीय पुरस्कार के माध्यम से नवाचार की पहचान : प्रत्येक राज्य से आठ नामांकन (जिला स्तर पर नवाचारों के दो और ब्लॉक स्तर के छह) आमंत्रित हैं | सभी प्रत्याशियों को सी .आई.पी .एस, हैदराबाद में उनके संबंधित नवाचारों पर एक प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा | एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर क्षेत्र स्तर के सर्वोतम शैक्षणिक प्रशासकों को (ब्लॉक स्तर से दो और जिला स्तर से एक) राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना जाएगा और न्यूपा, नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा |

सभी आमंत्रित प्रतिभागियों के भोजन, आवास और यात्रा भत्ता से संबंधित खर्च नियमानुसार न्यूपा वहन करेगा |

(iii) व्यापक प्रसार के लिए नवाचार का प्रलेखन: मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया के बाद, व्यापक प्रसार के लिए एक खंड में सभी योग्यता प्राप्त नवाचारों का प्रलेखन किया जायेगा|